हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026



# दो दर्जन गांव के खेतों में जमी काली परत, तालाब का पानी भी जहरीला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फुलझर स्थित न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्राईवेट लिमिटेड के एथेनाल प्लांट के कारण करीब दो दर्जन गांव के खेतों में काली-भूरी परत जमने के चलते किसानों में जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो साल से इस फैक्ट्री के आसपास स्थित गांवों के तालाबों का पानी भी जहरीला हो चुका है। जिसके कारण लोग बीमार हो रहे हैं। वहीं पशुधन तक सुरक्षित नहीं रह गए हैं।


उल्लेखनीय है कि फुलझर में पिछले दो साल पहले ही न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्राईवेट लिमिटेड ने एथेनाल प्लांट शुरू किया है। इंदावानी जलाशय से बिना अनुमति पानी लेने के लिए बिछाई गई पाईप लाइन का मामला कार्रवाई के बाद शांत हुआ है, लेकिन अब करीब दो दर्जन गांव के लोग एक बार फिर प्लांट के खिलाफ आंदोलन करने की तैयारी में जुट गए हैं। ग्रामीणों ने हरिभूमि को बातया कि

एथेनॉल प्लांट आज विकास का नहीं, बल्कि विनाश का प्रतीक बन चुका है। बीते दो वर्षों में इस फैक्ट्री ने आसपास के करीब 15 से 20 गांव के तालाब, जलस्त्रोत और पर्यावरण को बुरी तरह प्रदूषित कर दिया है। आज हालात यह है कि गांवों का पानी जहरीला हो चुका है, लोग बीमार पड़ रहे हैं और पशुधन तक सुरक्षित नहीं है।

## एथेनाल प्लांट के खिलाफ पनप रहा स्थानीय ग्रामीणों में जनाक्रोश

### तालाबों पर जमी केमिकल परत

फरहद, बैगाटोला, फुलझर, कोपेडीह, नवागांव, मुढ़ीपार, इंदावानी, मनगटा, बिरेझर सहित कई गांव के तालाबों पर अब एक अजीब काली-भूरी परत जम गई है। ग्रामीण बताते हैं कि पानी से तेज दुर्गंध आती है। पानी का रंग बदल चुका है। तालाब में झाग और गंदगी तैरती रहती है। पानी को छूते ही खुजली और जलन होती है। यह साफ संकेत है कि पानी में रासायनिक तत्व घुल चुके हैं।



### गांवों के हालात बेहद गंभीर

एथेनाल प्लांट के प्रदूषण से करीब दो दर्जन गांवों में गंभीर स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है, लेकिन शासन और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस फैक्ट्री को एनओसी कैसे दी गई, इसकी जांच की जानी चाहिए। कांग्रेस इस मामले को लेकर शीघ्र एक बड़ा आंदोलन करेगी।

**- जितेन्द्र मुदलियार**
अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी

### ग्रामीण हो रहे बीमार

ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में नहाने से वे बीमार पड़ रहे हैं। गांव में त्वचा रोग फैल रहा है। फैक्ट्री से निकलने वाले धुंए के कारण पूरा वातावरण दूषित होता जा रहा है। बच्चों में एलर्जी और संक्रमण की शिकायतें बढ़ रही है। यही नहीं गांवों में लगे पेड़ और पौधे भी तेजी के साथ सूखने लगे हैं। खेतों की उपज पर भी असर पड़ रहा है।

### प्रदूषण नियंत्रण शून्य

170 किलोलीटर एथेनाल से फैक्ट्री में 4 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है, लेकिन यहां प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रबंधन द्वारा कोई उपाए नहीं किए गए हैं। इतनी बड़ी यूनिट में वेस्ट ट्रीटमेंट, जल शुद्धिकरण, पर्यावरण निगरानी की व्यवस्था जमीनी स्तर पर नाकाम नजर आती है।

## खबर संक्षेप

### अश्लील वीडियो अपलोड़, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में सोमनी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक सीसीपीडब्लू योजनांतर्गत भारत सरकार ग्रह मंत्रालय के एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा सायबर पोर्टल के माध्यम से प्रेषित सायबर टीप लाइन सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किए जा रहे अपराधों की रोकथाम हेतु आरोपियों के विरूद्ध किए जा रहे कार्रवाई के तहत आरोपी तीर्थराज पांडे जिनके द्वारा सोशल मीडिया फेशबुक के माध्यम से अश्लील वीडियो अपलोड किया गया था, जिस पर थाना सोमनी में अपराध धारा 67(बी) आईटी एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। मामला पंजीबद्ध होने के बाद से ही आरोपी अपने सकुनत से फरार था, जिसे कई बार गिरफ्तारी का प्रयास किया गया था। पुलिस ने तकनीकी साधनों के प्रयोग से आरोपी का पता तलाश किया एवं आरोपी तीर्थराज पांडे को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व सिम को जब्त कर विधिवत कार्रवाई कर आरोपी तीर्थराज पांडे 43 साल निवासी ग्राम लखनपुर थाना व पोस्ट सांगीपुर तहसील लालगंज अझारा जिला प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### माय एंगल




## देर रात पुलिस टीम ने दी दबिश, रात में ही मुचलका पर सभी को छोड़ा

# होटल में हुक्का, संचालक सहित 11 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होटल में हुक्का पिलाने के मामले में पुलिस ने मौके पर दबिश देकर हुक्का एवं तंबाकू बरामद किया है। इस मामले में होटल संचालक सहित 11 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 जनवरी की रात्रि में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मोहारा बायपास स्थित होटल गोल्डन में कुछ व्यक्तियों द्वारा हुक्का पीया जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा होटल गोल्डन में दबिश दी गई।

पुलिस ने इस मामले में होटल संचालक सहित कुल 11 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। जिनमें अन्य जिलों एवं अन्य राज्य (महाराष्ट्र) के व्यक्ति भी शामिल हैं। सभी आरोपी जोगु गुप्ता 50 वर्ष निवासी कुंआ चौक नंदई, अनमोल पांडे 23 वर्ष निवासी गंजपारा दुर्ग, सत्यम शर्मा 24 वर्ष निवासी शीतला नगर दुर्ग, सैय्यद जुबेर 28 वर्ष निवासी अमरावती महाराष्ट्र, सैय्यद अनस 23 वर्ष निवासी अमरावती महाराष्ट्र, सैय्यद बिलाल 24 वर्ष निवासी अमरावती महाराष्ट्र, यश ललवानी उर्फ राहुल जैन 33 वर्ष निवासी सदर बाजार, प्रियंक बुद्धदेव 19 वर्ष निवासी चंद्रा कॉलोनी बसंतपुर, लक्की जैन 22 वर्ष निवासी गंज चौक, अंकित जैन 22 वर्ष निवासी कैलाश नगर, शिवम जैन 22 वर्ष निवासी कैलाश नगर को विधिवत गिरफ्तार किया। प्रकरण जमानतीय होने से आरोपियों को जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।




**होटल में पी रहे थे हुक्का:** बताया गया कि मौके पर कुछ व्यक्ति हुक्का का सेवन करते पाए गए। होटल संचालक से हुक्का पिलाने व उपलब्ध कराने संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाना बसंतपुर लाया गया। थाना बसंतपुर में धारा 21(1), 21(2) सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद (विनियमन) अधिनियम (कोटपा एक्ट) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### 29 पैकेट फ्लेवर जब्त

पुलिस ने घटनास्थल से 6 नग विभिन्न आकार के हुक्का, 6 नग हुक्का पाइप, तंबाकू फ्लेवर के कुल 29 पैकेट (मिंट अफजल, कीवी अफजल, फ्रेजर अलादीन, वाइट रोज अफजल, जाफरान अफजल, रमडे, चीफ कमिश्नर, स्पेशल अफजल, वालिना आदि) जब्त किया है।

0 **खैरागढ़।** राष्ट्रीय संत अंसग देव साहेब का दो दिवसीय सुखद सत्संग शनिवार 7 और रविवार 8 फरवरी को पिपरिया वार्ड में होगा। दिव्य संत्सग में ज्ञान वर्षा के आयोजक सदगुरू कबीर पारख सेवा संस्थान ने संत्सग का लाभ उठाने अधिकाधिक संख्या मे उपस्थिति की अपील की है।




# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 15 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शेयर मार्केट में निवेश कर रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 15 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रार्थी द्वारा थाना कोतवाली में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि आरोपी द्वारा शेयर मार्केट में निवेश कर एक वर्ष में रकम दोगुनी करने का लालच देकर अलग-अलग तिथियों में कुल 15,00,000 रुपए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए गए। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा संबंधित बैंक खातों का विवरण प्राप्त कर आरोपी की पतासाजी लगातार की जा रही थी। आरोपी घटना के बाद बैंगलौर, रायपुर, बिलासपुर एवं जांजगीर में लगातार ठिकाने बदलकर छिप रहा था। इसी दौरान आरोपी के मुलमुला, जिला जांजगीर-चांपा में मौजूद होने की सूचना प्राप्त होने पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर उसे हिरासत में लिया गया।

### आरोपी पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी प्रकाश सिन्हा उम्र 32 वर्ष वुड आयलैंड सोसायटी महादेव घाट अमलेश्वर ने धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एचडीएफसी बैंक के करंट अकाउंट का एक चेक जब्त किया गया है। एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी कीर्तन राठौर एवं सीएसपी अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शम्भूनाथ द्विवेदी, आरक्षक प्रयांश सिंह, पुराण वर्मा, महिला आरक्षक माहेश्वरी कुर्रे की सराहनीय भूमिका रही।

## भाजपा महिला मोर्चा

# पुष्पा अध्यक्ष, भेष व मिथलेश्वरी को महामंत्री का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





युवा मोर्चा के बाद अब प्रदेश भाजपा ने छह जिलों के महिला मोर्चा में भी नई टीम का ऐलान कर दिया है। राजनांदगांव जिला महिला मोर्चा की कमान पुष्पा गायकवाड़ को दी गई है। वहीं भेषबाई और मिथलेश्वरी वैष्णव को जिला महामंत्री का जिम्मा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के दो दर्जन जिलों में महिला मोर्चा अध्यक्ष की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी, लेकिन उस दौरान राजनांदगांव महिला मोर्चा की घोषणा नहीं हुई थी। जिसके बाद जिला स्तर पर संगठन द्वारा रायशुमारी कर सुझाव प्रदेश भाजपा को भेजा था। जिसमें से एक नाम को तय कर अब शनिवार को ऐलान कर दिया गया है।




## आज दो पालियों में आयोजित होगी टेट की परीक्षा

# 21 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, आभूषण जूते बैन, हल्के रंग के कपड़े पहनने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन कल रविवार को दो पालियों में किया जा रहा है। दो पालियों में जिले के 45 केंद्रों में लगभग 21 हजार परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। परीक्षा में नकल प्रकरण पर रोक लगाने के दृष्टिकोण से पहली बार घड़ी के साथ ही जूते एवं आभूषण पहनने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा परीक्षार्थियों से हल्के रंग के कपड़े पहनने निर्देश जारी किए गए हैं।

परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के 02 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। प्रथम पाली सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से शाम 5.45 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के परीक्षा के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रथम पाली में 25 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 8071 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली में 45 केन्द्रों पर 13179 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचने कहा गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व सभी प्रवेश द्वार पूर्णतः बंद कर दिए जाएंगे तथा इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### आधार या पैन कार्ड रखना अनिवार्य

परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे किसी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। उपरोक्त निर्देशें का पालन नहीं किए जाने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनका प्रवेश पत्र टेट 26 का ही हो। सभी परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में दिए गए केन्द्र में निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित हो।

### बैंगनी, जामुनी कपड़े बैन

परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना अनिवार्य किया गया है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा डार्क चॉकलेट रंग के परिधान पूर्णतः प्रतिबंधित है। फुटवियर में केवल चप्पल की अनुमति है। कान में कोई आभूषण पहनना भी प्रतिबंधित है। परीक्षा को पूरी तरह नकल-मुक्त एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, टोपी आदि का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पूर्णतः वर्जित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दीनु घाटा को पीएचडी की उपाधि



**कल्लूबंजारी।** कला साधक और काकोड़ी निवासी दीनु कचरूलाल घाटा ने इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ के प्रोफेसर एसपी चौधरी के मार्गदर्शन में शोध कर पीएचडी की उपाधि हासिल किया है। उन्होंने खैरागढ़ विवि से ही बीएफए की डिग्री प्राप्त करने के बाद एमएफए की पढाई गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट कोलकाता से की। वह देश -विदेश के कला सिम्पोजियम व प्रदर्शनियों में हिस्सा ले रहे हैं।

### छात्रों ने निकाली नशामुक्ति रैली

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यान तथा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आरके देवांगन ने नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। व्याख्याता टीएल देवांगन ने कहा कि नशा समाज और देश के लिए सबसे बड़ी समस्या है। मादक पदार्थ व्यक्ति को शारीरिक तथा मानसिक रूप से कमजोर बनाता है। कार्यक्रम प्रभारी भागवत साहू के नेतृत्व में रैली निकालकर लोगों को नशा को लेकर जागरूक किया गया। रैली के दौरान व्याख्याता अजय पाठक तथा हेपशीबा एंथोनी ने नशा मुक्ति के विभिन्न नारों से उत्साह वर्धन कियाव इस मौके पर वेदप्रकाश साहू, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, कुंदन यादव, चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, महेश रावटे, बिंदु साहू आदि उपस्थित थे।



### बैठक में विभिन्न मांगों पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे परामर्श समिति की बैठक नागपुर में संपन्न हुई। डीएआरएम दीपक कुमार गुप्ता अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के सदस्य तरूण हत्थेल ने शामिल होकर भगत की कोठी एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग को प्रमुखता से रखा। उन्होंने रेल्वे की जमीन पर व्यवसायिक परिसर निर्माण, सुबह चलने वाली लोकल ट्रेन कस डोंगरगढ़ तक विस्तार, सौ साल पुराने स्कूल को पुनः संचालित करने, नवरात्रि के दौरान सभी ट्रेनों का स्टॉपेज, कालकापारा और बुधवारी पारा मार्ग को जोडने, बंद अंडरब्रिज का विस्तार की मांग को प्रमुखता से रखा। रेल्वे के अधिकारियों ने मांगो को गंभीरता से सुना और जल्द ही विचार करने की बात कही।



### शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच

**डोंगरगढ़।** माँ बम्लेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में ग्राम पंचायत मोहारा में 31 जनवरी को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में शामिल होकर ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविर में स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन सहित अन्य आवश्यक परीक्षण निःशुल्क किया गया। महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में माँ बम्लेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर की चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा, डॉ. नीलाम्बुज, नर्सिंग स्टाफ आरती, पूजा, देविका, खिलावन वर्मा, भावेश दुबे ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल गटटानी, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र परिहार, पितांबर स्वामी, प्रकाश बिंदल, संजय श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल, नितिन पचेरी, हरिश भंडारी, संजू गुमास्ता, बबलू शांडिल्य एवं गौतम चोपड़ा मौजूद थे।



### ऋषि मिश्रा ने जीता गोल्ड मेडल

**डोंगरगढ़।** रायपुर हैंडिहोप दिव्यांगजन वेलफेयर एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ प्रभारी और 80 प्रतिषत दिव्यांगता के बावजूद पैरा खेलों में सक्रिय ऋषि मिश्रा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। रायपुर में आयोजित 16वीं राज्य-स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक एवं तवा फेंक में स्वर्ण पदक, गोला फेंक में रजत पदक प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष दीपक कुमार द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऋषि मिश्रा न केवल खेल के मैदान में बल्कि दिव्यांगजनों के अधिकारों की लड़ाई में भी मजबूत स्तंभ हैं।



### बिजली हितग्राहियों का सम्मान

**मोहला।** राज्य विद्युत वितरण मर्यादित के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर गोटाटोला में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मोहला संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित उपभोक्ताओं को सहयोग और जुड़ाव के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीएम सूर्यघर योजना, बीपीएल कनेक्शन, घरेलू, गैर-घरेलू और कृषि पंप कनेक्शन लेने वाले हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में रामशरण सिन्हा, दीनूराम नेताम, शिवप्रसाद, पुष्करचंद सिन्हा, बाबूलाल मंडावी, परगनिया, साधूराम, हगरूराम, लखनलाल, प्रकाश कुमार, लक्ष्मीनारायण, हेमलाल, निरंजनलाल, नीलकंठ, लालाराम, कपुर सिंग, अशोक कुमार, पुनीतराम शामिल थे। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता अनिल रामटेक ने 25 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सहायक अभियंता एसके मिलिंद, कनिष्ठ अभियंता निलेश धुर्वे आदि उपस्थित थे।

## निधन



### नैनीबाई मिश्रा

**खुज्जी।** ग्राम की वयोवृद्ध नैनीबाई मिश्रा का 30 जनवरी को निधन हो गया। वह 97 वर्ष की थी। वह अरसु मिश्रा की दादी और दीपक शर्मा की नानी थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### मनरेगा में बदलाव का विरोध, धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

# धरना के बाद कांग्रेस ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ब्लाक मुख्यालय के पुराने बस स्टैण्ड में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेसजनों ने धरना दिया। उन्होंने धान खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग करते हुए छुरिया- चिचोला मार्ग पर सांकेतिक चक्काजाम किया।

इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार ने रोजगार गारंटी कानून बनाकर मजदूरों को सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराया। इस योजना को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी रोजगार गारंटी का नाम दिया गया लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार नाम के साथ प्रावधान बदल रही है जिससे मजदूरों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में भाजपा सरकार है तब से मजदूरों को सौ दिन काम नहीं मिला है।



#### सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि धान खरीदी के नाम पर किसानों को सरकार परेशान कर रही है। भौतिक सत्यापन की आड़ में किसानों को धान बेचने से रोका जा रहा है जबकि भूपेश सरकार ने किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा था। धरना में चुम्मन साहू, पंकल बांधव, अनीस खान,धर्मेन्द्र साहू, रितेश जैन, राजकुमारी सिन्हा, सीमा यादव, पुष्पा सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, अमित अग्रवाल, प्रदीप पटेल, राधे ठाकुर, शकील खान राजील कुरैशी, कन्हैया कोले सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### श्रमिकों के साथ अन्याय कर रही सरकार



**एलबी नगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा हेतु एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया गया। चारभाठा में आयोजित धरना में मनरेगा को बचाने तथा धान खरीदी से वंचित किसानों के लिए समय अवधि बढ़ाने की मांग उठाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात नेताओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के विचारों को प्रासंगिक बताते हुए किसानों, मजदूरों और जनता के हक की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। धरना में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू मौजूद रहे। इस दौरान नेताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण मजदूरों की जीवनरेखा है लेकिन वर्तमान में इसे कमजोर किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष नरेश उइके, रामछत्री चंद्रवंशी, महेश सेन, भावेश सिंह, हीरा सोनी, प्रीति वैष्णव, बिट्टू भाटिया, प्रदीप पटेल, अमित अग्रवाल, गौतम वर्मा, राकेश सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि को शराब दुकान खोलने का जमकर विरोध



**छुरिया।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन शराब दुकान खोलने का कांग्रेसियों ने जमकर विरोध किया। उन्होंने शराब दुकान के सामने धरना दिया। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही आबकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी। धरना देर रात तक जारी रहा। 30 जनवरी को शुष्क दिवस होने की परंपरा को तोड़कर शराब बिक्री के विरोध में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, पूर्व विधायक छन्नी साहू, चुम्मन साहू, पंकज बांधव, अनीस खान, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, अमित अग्रवाल, राजकुमारी सिन्हा, सीमा यादव, पुष्पा सिन्हा, प्रकाश शर्मा, एकनाथ सिन्हा, राधे ठाकुर, प्रदीप पटेल, शकील कुरैशी शराब दुकान पहुंचे और दुकान बंद रखने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। यहां वह धरना पर बैठ गए। कांग्रेस के प्रदर्शन की खबर मिलते ही आबकारी विभाग के अधिकारी, नायब तहसीलदार हसन सिद्धीकी, थाना प्रभारी उमेश पटेल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जिलाध्यक्ष श्री यादव एवं पूर्व विधायक श्रीमती साहू से बात की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

## पुरानी पेंशन के लाभ की मांग

### टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन देने सहित 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन, पूर्व सेवा की गणना कर क्रमोन्नति देने, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने, वीएसके एप्प के स्थान पर बॉयोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करने सहित अन्य माँगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसीलदार कमल किशोर साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यदु, गिरीश हिरवानी, किशनलाल देशमुख, महेश ठाकुर, माधव साहू, दिनेश द्विवेदी, संजीव गंधर्व, गुलाब हरिहारनो, गैंदलाल डहरे, डामनलाल साहू, धनसाय सलामे, माखन रात्रे, दीपिका साहू, मिताली कटकवार, शशि ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## जिला टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन ने पेंशन याचिका पर पारित निर्णय के तहत संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य मान्य करने आदेश जारी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक डीपीआई के नाम जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल को ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि पेंशन संबंधी याचिकाओं का निराकरण करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने प्रतिपादित किया है कि पेंशन एक कल्याणकारी योजना है तथा यह सेवाओं के बदले दिया जाने वाला स्थगित पारिश्रमिक है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि संविलियन से पूर्व याचिकाकर्ताओं द्वारा दी गई सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। ज्ञापन में पेंशन निर्धारण के लिए 20 वर्ष अर्हकारी सेवा होने पर 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण का प्रावधान करने, नियमो का निर्धारण कर न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान, न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान, टीईटी की को अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, शैलेन्द्र यदु, शरद शुक्ला, बृजेश वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, संदीप साहू, महेश उईके, किसन देशमुख, नीलमणि साहू, माधो साहू, दिनेश द्विवेदी, रोहित चावरे मौजूद थे।



## अवैध चखना सेंटर का संचालन



**खड़गांव।** ग्राम में सरकारी शराब दुकान खुलने के बाद से कुछ के नेताओं द्वारा अवैध अहाता चलाया जा रहा है। यहां बाहर से आए व्यक्ति द्वारा चखना सेंटर चलाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखने मिल रहा है। सूत्रों ने बताया कि राजनीतिक व्यक्ति द्वारा अपने पद की आड़ में अपने जिले को छोड़कर यहां चखना सेंटर चला रहा है। अपने पद का फायदा उठाते हुए चखना सेंटर में दूसरे को सामने कर आमजनों को गुमराह किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि चखना सैंटर संचालक क्षेत्र का नहीं है फिर भी अहाता चला रहा है। उसने सरकारी शराब दुकान के बाजू में बकायदा टीन शेड बना लिया है।

## नवनिर्मित अतिरिक्त शाला भवन लोकार्पित

**पटेवा।** ग्राम पंचायत सलोनी के आश्रित ग्राम केकराजबोड़ में 30 जनवरी को 15 लाख की लागत में निर्मित अतिरिक्त शाला भवन का लोकार्पण एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा थी। अध्यक्षता राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि लखन साहू, आरती महोबिया, संदीप सिरमौर, सौरभ साहू थे। सर्वप्रथम विधायक श्रीमती वर्मा एवं अन्य अतिथियों नें मां सरस्वती, छत्तीसगढ महतारी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात फीता काटकर अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर आयोजित वार्षिक उत्सव में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक ने सतनाम पंथी नृत्य पार्टी की मांग पर पोशाक के लिए 10 हजार देने की घोषणा की।

इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस दौरान मिहिर झा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, योगिता साहू, दशरथ बघेल, जोगेश्वर धनकर, पुराणिक वर्मा, कांति साहू, अनिता बारले, भागवत चंदेल, देवशरण वर्मा, जयनारायण भारद्वाज, हेमलाल साहू, लक्ष्मीकांत साहू, खेमलाल, धर्मेन्द्र, गोपाल साहू आदि उपस्थित थे। संचालन गोपाल साहू ने किया।



### कुंड में स्नान कर देवी दर्शन किया लोगों ने

# नर्मदा मेला महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ऐतिहासिक नर्मदा मेला महोत्सव के पहले दिन श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ते नजर आई। कुंड में स्नान एवं माता रानी का दर्शन करने लोगों का तांता लगा रहा। मेला महोत्सव का शुभारंभ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में गंड़ई नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, गिरिराज किशोर दास वैष्णव, मोतीलाल जंघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा, कामदेव जंघेल, नीना ताम्रकार, रामकुमार पटेल, शत्रुघन मन्नु चंदेल, संजू चंदेल, डोमार सिंह, अंजु जंघेल, प्रकाश महोबिया, अशोक जंघेल, वंदना लालचंद पटेल, आरती महोबिया, हेमंत वैष्णव, अमित टंडन, संतोष यदु, शैलेन्द्र जैसवाल, डोगेन्द्र सोरी, हिरामन जंघेल, लिखन जंघेल थे। मंदिर समिति ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



#### पांच लाख की घोषणा

विधायक यशोदा वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने नर्मदा मंदिर के मुख्य द्वार पर दस लाख की लागत से बने डोम का लोकार्पण किया। उन्होंने मंच निर्माण के लिए पांच लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उपलब्ध शासकीय भूमि पर शीघ्र मंच निर्माण होगा।



#### मेले में रही रौनक

नर्मदा पुन्नी मेला के पहले दिन रौनक देखने मिला। क्षेत्र सहित दूर दराज के लोग कुंड में स्नान, माता रानी का दर्शन तथा मेला का लुफ्त उठाने पहुंचे। श्रृंगार, झूला, खिलौना, कपड़े, जलपान आदि जगह लोग की भीड़ रही। रविवार को पूर्णिमा के अवसर पर और अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना है। पुन्नी स्नान करने श्रद्धालु सुबह होने से पहले कुंड में डुबकी लगाने पहुंचे जाते हैं। हजारो की संख्या में लोग स्नान कर माता रानी का दर्शन कर अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

#### सांसद ने किया दर्शन

शनिवार को सांसद संतोष पांडेय नर्मदा मैय्या का दर्शन करने पहुंचे। उपस्थित लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने माता रानी का पूजा अर्चना किया। उन्होंने मंदिर एवं महोत्सव के विस्तार की बात कही। मंदिर समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने श्री पांडे का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, प्रकाश जंघेल, आनंद पटेल, बालकिशन जंघेल, बिसाहू सिन्हा, वंदना पटेल, लालचंद पटेल, पवन पटेल, रूपसिंह, अरविंद जंघेल, भीखु हिरवानी, दूजेराम जंघेल, खेलन वर्मा, गोवर्धन सिन्हा, धनऊ राम, अनिल वर्मा, शिव कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## सांसद ट्रॉफी पर मोखली का कब्जा



**खुज्जी।** सांसद ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस स्पर्धा में 60 टीमों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा का समापन सांसद संतोष पाण्डेय के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता खूबचंद पारख ने की। अति विशिष्ट अतिथि सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रमेश पटेल, दिलीप वर्मा, हीरेंद्र साहू, राजेंद्र गोलछा तथा रविंद्र वैष्णव थे। इस दौरान छुरिया नगर अध्यक्ष अजय पटेल, पवन गुप्ता, हृदय देवांगन, आशीष द्विवेदी, खिलेश्वर साहू, अनिरुद्ध चंद्राकर, हनीफ कुरैशी, भेषबाई साहू, की मौजूदगी रही।

#### स्पर्धा में 60 टीमें शामिल

स्पर्धा के पहले क्वार्टर फ़ाइनल में खुर्सीपर ने कोपेडीह को हराया। दूसरे क्वाटर फ़ाइनल में मोखली ने टेडेसरा को पराजित किया। सेमीफ़ाइनल में खुर्सीपर ने खुज्जी को मात दी। दूसरे सेमीफ़ाइनल में मोखली ने बेलरगोंदी को हराया। फाइनल मुकाबला मोखली और खुर्सीपार के बीच हुआ। मोखली ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्ज़ा जमाया। उत्कृष्ट बल्लेबाजी के लिए सत्यराज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और बेस्ट बैट्समैन का सम्मान प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ फील्डर का सम्मान भूपेश को दिया गया। विजेता टीम को एक लाख, सांसद ट्रॉफी, द्वितीय को 51 हजार और तृतीय को 11 हजार दिया गया।

## सार समाचार

### सड़क सुरक्षा माह के तहत संयुक्त जांच



**राजनांदगांव।** परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के सामने जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्रों को उनके पालकों से फोन पर चर्चा कर सड़क सुरक्षा के प्रति समझाइश दी गई। साथ ही छात्रों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर ही वाहन चलाने के लिए कहा।

### सीईओ ने निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने आज जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम टेड़ेसरा एवं सुरगी तथा जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम कुभटगांव एवं संबलपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लंबित एवं निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने योजना अंतर्गत लंबित आवास निर्माण के हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।



उन्होंने अधिकारियों को लंबित आवास निर्माण को पूर्ण कराने के लिए हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने कहा। साथ ही ग्राम रोजगार सहायक को निरंतर मानव दिवस सृजित करने निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण कराने वाले हितग्राहियों को ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किस्त राशि आवास निर्माण के अनुरूप प्राप्त होगी। सीईओ जिला पंचायत को हितग्राहियों ने योजना अंतर्गत किस्त की राशि प्राप्त होने की जानकारी दी।

### तिलई में पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आयुष सोसाइटी संचालनालय रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) आरोग्यम परम धनम पदुमतरा द्वारा ग्राम तिलई में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 27 से 31 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 6से 7.30 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उच्च रक्तचाप, मधुमेह, वात रोग, श्वास रोग सहित अन्य जीवनशैली जनित रोगों से बचाव एवं उपचार हेतु विविध योगासन और प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही शिविर में जुम्बा डांस के माध्यम से शारीरिक सक्रियता को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा प्रतिभागियों को अंकुरित चना भी वितरित किया जा रहा है। शिविर प्रभारी डॉ. हर्षा दुबे ने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है। उन्होंने ग्रामवासियों से मिले सहयोग और उपस्थिति के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।



### गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**राजनांदगांव।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारी कर साफ-सफाई में जोर दिया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शहर में साफ-सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे हैं। वहीं शहर को व्यवस्थित व साफ-सुथरा रखने, अतिक्रमण व मलमा हटाने कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। शुक्रवार सुबह उनके द्वारा गोल बाजार, जूनीहटरी, गुड़ाखू लाइन क्षेत्र पहुंचकर सफाई देखा और अतिक्रमण हटाने व गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव से कहा। गोल बाजार, जूनीहटरी व गुड़ाखू लाइन में चल रहे साफ-सफाई का आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जायजा लिया और सफाई देख बाजार लगने के पूर्व अच्छे से साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जयस्तंभ चौक के आसपास अनावश्यक रखे सामान को हटाने एवं दुकानदार द्वारा झिल्ली-पन्नी व कचरा फैलाने पर कार्रवाई करने कहा। इसी प्रकार गुड़ाखू लाइन में साफ-सफाई निरीक्षण के दौरान रोड में बिल्डिंग मटेरियल रखे देख संबंधित पर कार्रवाई करने कहा।

### डिजिटल सुरक्षा की दी जानकारी

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम मलपुरी में रक्षा टीम द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच एवं बेड टच व डिजिटल सुरक्षा की जानकारी दी गई। 29 जनवरी को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम मलपुरी में अध्ययनरत कक्षा पहली से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए रक्षा टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक शारदा बंजारे, महिला आरक्षक रीनू मेश्राम, कौशिल्या साहू, आरक्षक अमित जाटवर एवं आरक्षक वाहन चालक शेषनारायण सिन्हा द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बेड टच के बारे में सरल एवं सहज भाषा में समझाया गया। साथ ही बच्चों को स्कूल में लगे पॉक्सो बॉक्स का उपयोग कब और कैसे करना है।इसके अतिरिक्त बच्चों को मोबाइल फोन के अत्याधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई तथा डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराकर उसके उपयोग एवं महत्व की जानकारी दी गई। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक स्टाफ सहित कुल लगभग 50 से अधिक छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



### सोशल मीडिया में टिप्पणी, भाजपा नेता निलंबित

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज डोंगरगढ़ के भाजपा नेता नीरज यादव द्वारा सोशल मीडिया में की गई अमर्यादित टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए नीरज यादव को दूरभाष पर चर्चा कर पार्टी के अनुशासन की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे, परन्तु नीरज यादव ने संगठन के अनुशासन की परवाह नहीं की। जिसके कारण जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने तत्काल नीरज यादव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। जिसका निलंबन आदेश आज दिनांक को जारी किया गया।

## जनपद सभागार में संघ की संभाग स्तरीय बैठक आयोजित

# पेंशन भुगतान नहीं, जिला जनपद कर्मचारी संघ में पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन भुगतान नहीं होने के मामले को लेकर जिला जनपद पंचायत कर्मचारी संघ की संभागीय बैठक का आयोजन आज जनपद सभागार में किया गया। इस बैठक में अपनी एक सूत्रीय प्रमुख मांग को लेकर चर्चा करते आगे के आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई गई।

जिला जनपद पंचायत कर्मचारी संघ द्वारा बीते दिसंबर माह में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायतीराज, ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर पंचायतीराज अधिनियम 1993 की धारा 131 के अंतर्गत जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के कर्मचारियों के लिए पेंशन नियम बनाने मांग की गई थी, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई आश्वासन नहीं मिलने पर अपनी मांग को लेकर आगे की रणनीति बनाने आज कर्मचारी संघ द्वारा संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।



#### पदाधिकारी हुए शामिल

जिला जनपद कर्मचारी संघ के इस संभागीय बैठक में संगठन की जिला अध्यक्ष प्रतिमा द्विवेदी, विनोद सिंह ठाकुर, दुर्गेश कोरिया, नलिन सिंह बघेल, केएल साहू, टीके महोबिया, हंसाराम कोर्राम सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

#### नियम नहीं बनाने के चलते पेंशन भुगतान अटका

कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष बीआर साहू ने बताया कि जिला पंचायत और जनपद पंचायत के कर्मचारियों को सरकार ने छत्तीसगढ़ पंचायतीराज अधिनियम 1993 में प्रावधान होते हुए भी आज तक पेंशन नियम नहीं बनाया। जिसके कारण पेंशन भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने इसके लिए संचालनालय, मंत्रालय तक गुहार लगाई है, लेकिन कोई पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगे की रणनीति बनाने को लेकर यह संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है।

## जागरूक उपभोक्ताओं का किया गया सम्मान



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना एवं विद्युत कम्पनी के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर पर शुक्रवार को विद्युत विभाग गंडई द्वारा रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। बिजली ऑफिस परिसर में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के साथ खुशियां साझा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने विभागीय कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ विभाग का बेहतर समन्वय और संवाद ही इसकी असली ताकत है। इस दौरान उन्होंने राज्य गठन के शुरुआती दौर को याद करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी द्वारा बिजली क्षेत्र में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का भी उल्लेख किया। इस दौरान समारोह में ब्लाक अध्यक्ष मन्नू चंदेल, जीवन दास रात्रे,दिलीप आगरे,अमित टंडन, रवि भावनानी,अमन सोनी, बाके वर्मा, समेत क्षेत्र के कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन जेई हरिप्रसाद जंघेल एवं उनके समस्त स्टाफ द्वारा किया गया।

#### योजना से मिलेगी मुफ्त बिजली

विशिष्ट अतिथि और भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से पीएम सूर्यघर योजना के लाभ गिनाते हुए लोगों से सौर ऊर्जा अपनाने और बिजली की बचत करने की अपील की।

#### इन उपभोक्ताओं का सम्मान

विभाग के प्रति जागरूकता दिखाने वाले हितग्राहियों को इस अवसर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में बीपीएल श्रेणी जिन्होंने प्रतिमाह 30 यूनिट तक खपत किया उन 5 जागरूक उपभोक्ता को, साथ ही पिछले 2 वर्षों से नियमित समय पर बिल जमा करने वाले 5 उपभोक्ताओ को पंप कनेक्शन के 5 प्रमुख हितग्राहीयों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## विक्रांत बने जिला युवा मोर्चा के महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कबीरधाम जिले के प्रभारी विक्रांत चंद्राकर को जिला युवा मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में त खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने आतिशबाजी कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयाँ दी। श्री चंद्राकर की नियुक्ति की खबर फैलते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। श्री चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि प्रेम नारायण चंद्राकर के पुत्र हैं। उन्हे सांसद संतोष पांडे का करीबी माना जाता है। वह अपनी सरल छवि, संगठनात्मक क्षमता के कारण युवाओं में काफी लोकप्रिय हैं। कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा और अधिक सशक्त होगा। उनके जिला युवा मोर्चा महामंत्री बनाए जाने पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, प्रकाश जंघेल, संदीप वैष्णव, अर्जुन महोबिया सहित अन्य ने बधाई दी है।

## रजत जयंती कार्यक्रम दो को

**खड़गांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा रजत उत्सव आगामी 2 फरवरी को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में व्यापारी संघ के अध्यक्ष और सदस्य भी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर जबरदस्त तैयारी की जा रही है।

## मना रजत जयंती महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 31 जनवरी को विद्युत वितरण केंद्र पैलीमेटा में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। गौरवशाली अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं और ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने राज्य की प्रगति और विद्युत विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं पर चर्चा की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम में स्थानीय शासन के विभिन्न प्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिकों को उनके योगदान के लिए मंच साझा करते देखा गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने विभाग के कार्यों की सराहना की और उपभोक्ताओं से शासन की बिजली बचत योजनाओं से जुड़ने की अपील की। पूरे कार्यक्रम के दौरान कांशी राम पोर्ते, प्रेमलाल साहू, राधा मोहन दास वैष्णव, कुमार पाल, जंगल दास, नरेश ध्रुवे, युवराज पटेल, दुर्गेश पाल, किशन जंघेल, डेहरा लाल मसको, दुखू राम विश्वकर्मा, केशा राम पोर्ते, चैतुराम ध्रुवे, दिलीप नागवंशी, रामप्रसाद मेराव, बिजली कम्पनी जेई हरिप्रसाद जंघेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और पैलीमेटा विद्युत वितरण केंद्र के स्टाफ मौजूद रहे।

# आयश सिंह बने दूसरी बार भाजयुमो जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के नवनिर्वाचित और प्रदेश में एकमात्र लगातार दूसरी बार भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए आयश सिंह बोनी और अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अय्यूब सोलंकी और का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

भाजपा पदाधिकारियों और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, फूल-मालाओं और नारों के साथ दोनों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया और कहा कि इनको मिली जिम्मेदारी संगठन की मजबूती और जमीनी कार्यकर्ताओं पर पार्टी के भरोसे को दर्शा रहा हैं। दोनों ही लंबे समय से संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य कर पार्टी द्वारा सौंपे गए प्रत्येक दायित्व का निर्वहन कर रहे है। गौरतलब है कि भाजयुमो जिलाध्यक्ष के रूप मे दूसरी बार नियुक्त आयश सिंह बोनी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र राजनीति से की है। 2015 में पॉलिटेक्निक कॉलेजचुनाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली जिसके चलते अभाविप के पूरे पैनल को जीत हासिल हुई थी।

2016 से 18 तक शहर युवा मोर्चा मे काम किया। 2020 में उन्हें राजनांदगॉव भाजयुमो मे जिला मंत्री की जिम्मेदारी मिली। नवीन जिले के गठन बाद 2022 में पहले जिला अध्यक्ष बने और अब 2026 में पुनः उन्हें जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। पूरे प्रदेश में आयश सिंह बोनी ऐसे एकमात्र हैं, जिन्हें जिलाध्यक्ष पद पर दुबारा नियुक्त किया गया है, जो उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता और प्रदेश संगठन के विश्वास को दर्शाता है।

#### नपा और विधानसभा चुनाव जीतना लक्ष्य

स्वागत से अभिभूत आयश सिंह बोनी ने कहा कि पार्टी ने जब जब उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी उसे उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है। आने वाले समय में उनका लक्ष्य 2026 नगरपालिका परिषद चुनाव और 2028 विधानसभा चुनाव में भाजपा का कमल खिलाना है। साथ ही क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़कर संगठन को और मजबूत करना प्राथमिकता है। अय्यूब सोलंकी ने भी पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मोर्चा को संगठित कर समाज के हर वर्ग तक भाजपा की नीतियों और योजनाओं को पहुँचाने का कार्य करेंगे। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरजाचंद्राकर, अनिल अग्रवाल, आलोक श्रीवास, गोरेलाल वर्मा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शौर्यादित्य सिंह, मंजीत सिंह, ऋषभ सिंह, नंद चंद्राकर, पीयूष पटेल, प्रेमसागर गुप्ता, शिवांश बहादुर सिंह, अनीश सिंह, नीलिमा गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित किया श्रद्धासुमन

# गर्ग महोत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



खैरा नवापारा स्थित गर्ग विद्यालय में शुक्रवार को महर्षि गर्ग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर छुईखदान जनपद पंचायत के सभापति डोमार सिंह भेड़िया शामिल हुए। अध्यक्षता सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकिशन जंघेल, सरपंच वंदना लालचंद पटेल, लोमश वैष्णव, महेश जैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद नामदेव, पूर्व सरपंच गोरेलाल जंघेल शामिल हुए। अतिथियों ने महर्षि गर्ग एवं मां सरस्वती, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया। डोमारसिंह ने जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के बढ़ते स्तर की प्रशंसा की। वही प्रकाश एवं लोमश वैष्णव ने महर्षि गर्ग और शिक्षा व्यवस्था पर रौशनी डाला। विनोद नामदेव एवं बालकिशन ने स्कूलों में प्रतिभा निखारने वाले आयोजन की प्रशंसा की। इस मौके पर स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वासनी एवं विद्या की प्रस्तुति की दर्शकों ने सरहाना किया। मुरली एवं साथियों के देवा गीत को सबने नमन किया। सर्वज्ञ, लक्ष्य एवं झरना की प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। धानी, माया एवं डेविड की प्रस्तुति दर्शकों को थिरकने मजबुर कर दिया। गिरिराज, रोशनी, प्रशांत की प्रस्तुति ने जमकर तालियां बटोरी। जागृति हंसिका, तान्या की प्रस्तुति पर दर्शक झुम उठे। वही निधि, रितिका, तास्या, मीरा, कुलेश, मानवी, फरहान, प्रशांत, गिरिराज, विभा, माया, दामिनी, संध्या सहित अन्य की प्रस्तुति भी सराहनीय रही।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य गोवर्धन जंघेल, दामोदर वैष्णव, गौरव जंघेल, माधुरी जंघेल, गायत्री मिर्चे, गितेश्वरी जंघेल, ऋषिका जंघेल, रितु जंघेल, मधु निषाद, टिकेश्वरी जंघेल, नारद जंघेल, दिनेश जंघेल, एच एल साहू, सादिक खान, बाई जंघेल सहित पालक, अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

#### बापू के विचारों पर डाला प्रकाश

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पुण्य तिथि के मौके पर स्कूली छात्र, शिक्षक, अभिभावक एवं ग्रामीणों ने एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर विनोद नामदेव ने बापू के आदर्श एवं विचारों पर प्रकाश डाला।

#### आम सूचना (ईश्तहार)

मेरे हितार्थिनी मनटोरिया के पति तथा उनके ना.बा. पुत्र आर्यन तथा पुत्री मंजू वर्मा के पिता के राजीव वर्मा पिता रामखिलावन वर्मा के नाम पर ग्राम आमगांव प.ह.न. 16 रा.नि.म. उदयपुर तहसील छुईखदान में कुल ख0न0 14 कुल रकबा 2.9540हे0 कृषि भूमि स्थित है भूमि पैतृक एवं खानदानी भूमि है जिसे राजीव वर्मा के पिता रामखिलावन के द्वारा उसके नाबालिग अवस्था में क्रय कर राजीव वर्मा के नाम पर किया गया है। राजीव वर्मा का नाम मात्र बरायनाम के रुप में राजस्व अभिलेख में दर्ज है।

चूंकि मेरे हितार्थिनी के पति राजीव वर्मा मानसिक रोगी है जिसका इलाज चल रहा है यदि किसी के द्वारा भूमि विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है चूंकि राजीव वर्मा के नाम के सभी वर्णित भूमि रामखिलावन वर्मा के द्वारा खरीदा गया है इसलिए सभी भूमि पैतृक है जिसमें राजीव वर्मा को बेचने का अधिकार नही है और ना ही डिकेश्वर उर्फ डीलू वर्मा को खरीदने का अधिकार है, बिना किसी अधिकारिता के आप दोनो के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि मे से किसी भी भूमि को यदि क्रय विक्रय किया जाता है तो वह अवैधानिक होगा।

दिनांक 30.01.2026
स्थान- छुईखदान

भवदीय
रोशन मानिकपुरी (अधिवक्ता)
निवासी ग्राम ढोडिया तहसील छुईखदान
जिला - के.सी.जी. (छ.ग.)

#### घोरदा मड़ॉई 2 को

**राजनांदगांव।** ग्राम घोरदा में 2 फरवरी को मेला मंडई का अयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्किरि में सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू संगी टेडेसरा राजनांदगांव वालों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से उपस्थित होकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाने की अपील की है।

#### आसरा में भागवत कथा 1 से

**डोंगरगांव।** ग्राम आसरा में आगामी एक से 9 फरवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक तिलेन्द्र महाराज होंगे। आयोजन की शुरूआत 1 फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। आगामी 9 फरवरी को गीता सार, पूर्णाहूति के बाद प्रसाद वितरण होगा। कथा का वाचन दोपहर एक से चार बजे तक होगा। आयोजन समिति के डेरहा राम साहू, सरस्वती साहू, ओंकार साहू, जीत कुमारी ने लोगों से शामिल होने का आग्रह किया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### निषाद समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक कल 01 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद ने बैठक में सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### आंदोलनों को लेकर चर्चा, युकां की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** शहर जिला युवा कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक रानीसागर स्थित सर्किट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी



गतिविधियों एवं आंदोलनों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दुर्ग से पधारी संगठन सह-प्रभारी एनी पिटर ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। एनी पिटर ने मनरेगा सहित युवा कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार करने कहा तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर व्यापक विरोध दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। शहर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने कहा कि प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष के हर निर्देश पर संगठन पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है और एक फोन पर युवा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता संघर्ष के लिए तैयार रहेगा। बैठक की अध्यक्षता करते पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि नई टीम के साथ संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाया जाएगा। युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर मालेकर, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सोनी एवं दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष ऋषभ निर्मलकर ने संगठन विस्तार के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### फर्जीवाड़े पर अपराध भी दर्ज कराए सांसद : रूपेश

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सांसद संतोष पांडे के डोंगरगांव-अंबागढ़ चौकी-मानपुर सड़क टेंडर में अमर



बिल्डर द्वारा गलत जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत कर निविदा प्राप्त करने की गंभीर आपराधिक साजिश के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग की मिलीभगत से 20 प्रतिशत बिलों के काम को 17 प्रतिशत बिलों में करने की सांठगांठ रूपी आर्थिक अनियमितता की शिकायत केंद्रीय मंत्री से किया जाना उजागर किया है। वैसी स्थिति में अब जब सांसद के पास जानकारी तथ्यात्मक है तो गलत जानकारी और गलत दस्तावेज प्रस्तुत करने पर अमर बिल्डर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ-साथ अमर बिल्डर एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर आर्थिक अनियमितता का भी अपराध दर्ज कराने की कार्रवाई करनी चाहिए और निविदा निरस्त होनी चाहिए।

### गीता जयंती पर आज कलश यात्रा

**राजनांदगांव।** शिवनाथ मोहारा मेला स्थल पर कल एक फरवरी रविवार को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कही गई गीता वाणी गूंजायमान होगी। सिंगदइ सर्किल कोसारिया यादव समाज द्वारा आयोजित गीता जयंती प्रसंग पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। संरक्षक पवन यादव ने बताया कि गीता जयंती के आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा महाभारत युद्ध के दौरान कही गई वाणी के संबंध में समाज के चैतराम यादव द्वारा विस्तृत प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर समाज द्वारा् शिक्षा साहित्य खेल कला से जुडे लोगों को सम्मानित किया जाएगा। है। मोहारा मेला स्थल में जस गायक कांति कार्तिक, जस गायिका चंदाबाई यादव व राज्य स्तरीय खिलाड़ी नंदिता व भाग्यश्री का सम्मान किया जाएगा। गीता जयंती कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सुबह मेला स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगीए जो बाजे-गाजे के साथ राउत नृत्य का प्रदर्शन करते मोहारा का भ्रमण किया जाएगा। समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए सचिव थनवार यादव, सह-सचिव जागेश्वर यादव, सरपंच भगवान सिंह यादव, लोरीक यादव, लालचंद यादव, बसंत यादव, कुशल यादव, रामगुलाल यादव, सुनीतिबाई यादवए सुनीता यादव, चंदाबाई यादव, रेनू यादव, संतोष यादव, शिवलाल यादव आदि द्वारा भव्य तैयारिया की गई है।

### बौद्ध कल्याण समिति की आमसभा 2 को


**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव की आमसभा आहूत की गई है। रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसाइटी के आदेश के तहत समिति को वैधानिक रूप से आमसभा आयोजित कर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आगामी 2 फरवरी को समिति की आमसभा आयोजित की जाएगी। आमसभा में बौद्ध समाज के सभी वैधानिक सदस्य, संरक्षकगण, आजीवन सदस्य एवं संस्थापक सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से अपेक्षित है। उक्त जानकारी देते बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष कांति कुमार फूले ने बताया कि आदेश में स्पष्ट किया गया है कि वैधानिक सदस्यों की आमसभा आयोजित कर अध्यक्षता में विधिवत निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इस आमसभा का प्रमुख और एकमात्र उद्देश्य चुनाव कराना है। चुनाव उपरांत नियमानुसार नई कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों का गठन किया जाएगा तथा लंबित संशोधनों से संबंधित आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### चिखली में रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा भारत के तत्वावधान में अमर शहीदों के नाम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । कल 01 फरवरी सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक उक्त शिविर का आयोजन शिव शक्ति मंदिर परिसर पंडित दीनदयाल कॉलोनी देवांगन भवन चिखली में आयोजित किया जा रहा है। शेखर ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीरज ए. पांडे राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अखिल भारतीय हिंदू महासभा शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पारस वर्मा, पार्षद शिव वर्मा, ललित नायडू और देवेश वैष्णव उपस्थित रहेंगे।

### जी-राम-जी का विरोध, बौखलाहट की राजनीति

**राजनांदगांव।** भाजपा के जिला मीडिया सह-प्रभारी रघु शर्मा ने केंद्र सरकार की विकसित भारत जी-राम-जी को लेकर कांग्रेस पर तथ्यों के



बिना विरोध करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह योजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा और सकारात्मक कदम है, जिसे केवल राजनीतिक कारणों से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस योजना के नाम से ज्यादा दिक्कत है। जबकि राम भारत की सांस्कृतिक और नैतिक चेतना का प्रतीक है। महात्मा गांधी के जीवन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी के अंतिम शब्द भी हे राम थे। ऐसे में यदि किसी योजना के नाम में राम आता है, तो कांग्रेस किस बात का विरोध कर रही है, यह समझ से परे है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल करते कहा कि यदि पार्टी को इस योजना से आपत्ति है तो वह भावनात्मक बयानबाजी छोड़कर तथ्यों और ठोस तर्कों के साथ अपनी बात रखे। केवल नाम या राजनीतिक लाभ-हानि को देखकर विरोध करना जनता के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना रोजगार, विकास और सामाजिक सशक्तिकरण को नए स्वरूप में आगे बढ़ाने का प्रयास है।

कांग्रेस यह झूठ फैला रही है कि रोजगार की गारंटी खत्म की जा रही है। जबकि सच्चाई यह है कि 100 दिन की गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। कांग्रेस को सबसे ज्यादा डर इसी पारदर्शिता से है।

## कमजोर छात्रों के लिए प्रशासन की पहल

# प्री-बोर्ड में फेल हुए विद्यार्थियों के लिए 21 जोन में स्पेशल कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले में पढ़ाई में कमजोर छात्र जिनका परीक्षा परिणाम अर्द्धवार्षिक और प्री-बोर्ड में बेहतर नहीं रहा तथा जो एक विषय से अधिक विषय में अनुत्तीर्ण रहे, जो नियमित रूप से स्कूल नहीं आते रहे हैं, ऐसे छात्रों को लेकर जिला प्रशासन की ओर से एक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी कड़ी में आज से 4 दिन तक कलेक्टर जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में शिक्षकों की टीम द्वारा जिले के 24 स्थानों पर जोन बनाकर इन कमजोर छात्रों को परिणाम बेहतर करने की तैयारी कराई जा रही है।

इसके सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में शिक्षा विभाग की टीम द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने बताया कि शिक्षकों की टीम द्वारा जिले के 24 स्थानों पर जोन बनाकर पढ़ाई में कमजोर छात्रों को परिणाम बेहतर करने की तैयारी कराई जा रही है।



#### 91 शिक्षकों की लगी ड्यूटी

कोचिंग के लिए बनाए गए 24 जोन में से 21 जोन में आज अध्यकोचिंग कार्य संपन्न कराया गया। 3 जोन में परीक्षा व्यापम द्वारा ली जा रही है, इस वजह से यहां पर कोचिंग का संचालन 2 फरवरी से किया जाएगा। कल 2281 विशेष छात्रों में से आज जोन कोचिंग में 1560 बच्चों की उपस्थिति रही। कुल 91 शिक्षकों ने कोचिंग का संचालन किया।

#### पालकों के साथ भी बैठक

जोन कोचिंग के लिए विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी एवं मॉनिटरिंग हेतु टीम बनाई गई है। शिक्षा विभाग के ओआईसी डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त जिले से प्राचार्यों की टीम बनाई गई है, जिनके द्वारा भी अलग-अलग जोन में जाकर इस कोचिंग के निरीक्षण एवं कोचिंग में शामिल होने वाले बच्चे और उनके पालकों से तैयारी को लेकर बात की जाएगी। साथ ही जिले के अधिकारियों की टीम को भी जोन कोचिंग के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है।

#### गणित और विज्ञान में बच्चे फेल

कमजोर बच्चों को गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे कठिन विषयों में जिसमें ज्यादातर बच्चे फेल हुए हैं। उन विषयों की तैयारी बेहतर तरीके से कराई जाएगी। जिसके अंतर्गत गत 5 वर्षों के प्रश्न पत्र, ब्लूप्रिंट पर आधारित प्रश्न एवं जिले द्वारा तैयार किया गया प्रश्न बैंक। जिसमें परीक्षा में आने वाले प्रश्नों की श्रृंखला है, इस पर आधारित तैयारी ही कराई जाएगी, ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए सही मार्गदर्शन मिल सके और जिले का परिणाम बेहतर हो सके।

#### कलेक्टर के निर्देश पर पहल

गत दिनों कलेक्टर जितेंद्र यादव द्वारा प्री-बोर्ड के परिणामों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें कमजोर परीक्षा परिणाम को लेकर प्राचार्य के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने रणनीति बनाकर कार्ययोजना के साथ विशेषज्ञों की टीम की बैठकों द्वारा जिले के 24 स्थान पर जोन बनाकर बच्चों को पढ़ाई कराई जाएगी।

#### कोचिंग शुरू

कमजोर बच्चो को 21 जोन में कोचिंग दी जा रही है। पहले दिन 1560 बच्चे पहुंचे थे।

प्रवास सिंह बघेल, डीईओ

## राजनांदगांव को एससीआर में शामिल करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) में राजनांदगांव नगर निगम को शामिल किए जाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। इस संबंध में पूर्व महापौर अजीत जैन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे को पत्र लिखकर राजनांदगांव नगर निगम सहित जिले को एससीआर में शामिल करने की मांग की है।

पत्र में अजीत जैन ने उल्लेख किया है कि राज्य सरकार द्वारा स्टेट कैपिटल रीजन के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते मंत्री परिषद द्वारा 210 पदों के सेटअप को मंजूरी दी जा चुकी है। स्टेट कैपिटल रीजन में रायपुर, बीरगांव, भिलाई और दुर्ग जैसे नगर निगमों के साथ-साथ 23 नगरीय निकाय एवं 700 ग्रामों को एससीआर में शामिल किया गया है। जबकि राजनांदगांव जिले को इससे बाहर रखा गया है, जो जिले के विकास की दृष्टि से उचित नहीं है। शासन के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि यदि स्टेट कैपिटल का विस्तार करना पड़ा तो राजनांदगांव को भी जनहित में बजट में सरलता से शामिल किया जा सकता है।

पूर्व महापौर ने अपने पत्र में यह भी रेखांकित किया है कि राजनांदगांव महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ का प्रमुख प्रवेश द्वार है। स्टेट केपिटल रीजन में शामिल होने से इसका विकास होगा और मेट्रो रेल रायपुर से दुर्ग तक प्रस्तावित है। जिसके सर्वे हेतु राज्य शासन द्वारा 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है व मेट्रो ट्रेन सेवा भी राजनांदगांव के स्टेट केपिटल रीजन में शामिल होने से मेट्रो ट्रेन सेवा का लाभ राजनांदगांववासियों को मिलेगा। यदि राजनांदगांव को स्टेट केपिटल रीजन में शामिल किया जाता है, तो जिले में शहरी विकास, औद्योगिक निवेश, रोजगार के अवसर और आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो सकेगा। जानकारी के अनुसार इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय से कलेक्टर जिला राजनांदगांव को आवश्यक कार्रवाई एवं परीक्षण हेतु पत्र अग्रेषित किया गया है।

## मैथ्स ओलंपियाड में छात्रों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल के 7 विद्यार्थियों ने मैथ्स ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते दूसरे लेवल में प्रवेश किया। इन विद्यार्थियों में सिद्धम गोलछा कक्षा तीसरी ब, प्रिशा चोपड़ा कक्षा चौथी अ, रेयांश धाकड़ कक्षा पांचवी अ, आरोही कोठारी 6वीं अ, डेविश मरावी 7वीं स, श्रीयांश पहाड़े 9वीं ब, ऋतिका चतुर्वेदी 10वीं स शामिल रहे। सेकंड लेवल का एक्जाम 8 फरवरी को होगा।



उक्ताशय की जानकारी देते एसओएफ प्रभारी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए सदा जागरूक रहते हैं। शिक्षकों तथा बच्चों को सदा प्रोत्साहित करते रहते हैं। जिसके फलस्वरूप युगांतर के शिक्षकों व बच्चों ने काफी मेहनत की। आज उसका परिणाम सामने है कि युगांतर के बच्चे हर विधा, हर विषय में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय के बच्चों की इन प्रभावी उपलब्धियों पर बच्चों व पालकों में काफी खुशी है।

उन्होंने युगांतर परिवार व प्रबंधन को उनके अथक मेहनत और परिश्रम के लिए साधुवाद ज्ञापित किया है। इन सभी ओलंपियाड एग्जाम्स के लिए बच्चों को विशेष रूप से अतिरिक्त कक्षा की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन द्वारा की गई थी। यही नहीं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा इन विद्यार्थियों की सेकंड लेवल की तैयारी भी विधिवत कराई जा रही है। इन उपलब्धियों पर युगांतर की प्रबंध समिति ने प्रसन्नता प्रकट करते उत्कृष्टतम सुविधाएं हमेशा देने का वादा किया है। उन्होंने पालकों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा प्रबंध समिति ने विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों पर गणित विभागाध्यक्ष ललित महोबिया सहित गणित शिक्षकों तथा पालकों को बधाइयां दी।

### राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन आज

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज का राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन व हल्दी कुमकुम कार्यकम कल रविवार को दोपहर 1 बजे से स्टेशनपारा स्थित सामाजिक भवन परिसर में आयोजित होगा।

समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत व महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बूटले ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम संत संताजी जगनाडे महाराज की पूजात्रअर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रथम दिवस आयोजित बच्चों व महिलाओं के खेलकूद, चित्रकला व अन्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त जानकारी समाज के युवा सदस्य अभिषेक गिरेपुंजे व राहुल तराने ने दी।

## बोर्ड परीक्षा में जिले में टॉप करने वाले विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत : मधु

**राजनांदगांव।** भारतरत्न डॉ. बाबा साहब अंबेडकर एवं भारत की प्रथम महिला आध्यापिका सावित्रीबाई फूले की स्मृति में क्रमशः 12वीं एवं 10वीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में राजनांदगांव जिला स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अब प्रतिवर्ष पुरस्कृत किया जाएगा। उक्ताशय की घोषणा महापौर मधुसूदन यादव और वरिष्ठ अध्यापक तथा राजनांदगांव बौद्ध समाज के सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार भालाधरे के साथ संयुक्त रूप से शनिवार सुबह मोतीपुर स्थित अपने निज निवास पर विचार विमर्श के बाद की है।

महापौर ने बताया कि वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 से जिले के मेधावी छात्रों को यह पुरस्कार देना प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें 12वीं बोर्ड में जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को भारतरत्न डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर स्मृति पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। जिसके अंतर्गत दस हजार रुपए का नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। इसी प्रकार कक्षा 10वीं बोर्ड में जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को भारत की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फूले की पुण्य स्मृति में दस हजार रुपए का नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया जाएगा।



उक्त पुरस्कार राशि संस्कारधानी के वरिष्ठ अध्यापक संतोष कुमार भालाधरे के सौजन्य से प्रतिवर्ष प्रदान की जाएगी और जिसे हर साल 15 अगस्त अथवा 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व के दिन डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छग विधानसभा एवं विधायक राजनांदगांव तथा महापौर मधुसूदन यादव के हाथों जिले के दो मधावी छात्रों को प्रदान किया जाएगा। उक्त पुरस्कार राशि एवं स्मृति चिन्ह अगले 10 वर्षों तक सन 2026 से 2035 तक लगातार सामाजिक कार्यकर्ता एवं अध्यापक श्री भालाधरे के सौजन्य से प्रदत्त होगा। मेधावी छात्रों को 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## आरपीएफ सुरक्षा आयुक्त का आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के मंडल सुरक्षा आयुक्त ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट का आकास्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य ने 31 जनवरी को रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन रेल सुरक्षा बल पोस्ट भवन का निरीक्षण किया। जिसमें पाई गई कमियों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान गाड़ी संख्या 12810 के अनुरक्षण दल की चेकिंग की गई। जिसमें ड्यूटी पर तैनात बल सदस्यों को ड्यूटी संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

#### दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रेल सुरक्षा बल पोस्ट एवं कार्यालयीन अभिलेख एवं रजिस्टरों की जांच की गई तथा उनके सुव्यवस्थित रखरखाव व सही इंद्राज हेतु निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अवसर पर उपस्थित सभी बल सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन लिया गया। जिसमें बल सदस्यों की समस्याएं सुनी गई तथा कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रेलवे सुरक्षा बल की आधुनिक कार्यप्रणाली आरएसएमएस के नियमित संचालन, इसके समुचित ज्ञान एवं अभ्यास सुनिश्चित कराने तथा एनसीआरबी के विभिन्न टूल्स के नियमित उपयोग एवं अभ्यास हेतु सभी अधिकारी व बल सदस्यों को आदेशित किया गया।

## मनरेगा संशोधन के खिलाफ 12 को होगी युवा कांग्रेस की महापंचायत

**राजनांदगांव।** युवा कांग्रेस ने मनरेगा में प्रस्तावित संशोधनों के खिलाफ व्यापक आंदोलन की घोषणा की। इस अवसर पर बताया गया कि छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा 12 फरवरी को रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में भव्य युवा महा पंचायत का आयोजन किया जाएगा।

प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में अभा शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, आदिल आलम खेरानी, एनी पिटर, संदीप बोरा सहित गुरभेज सिंह माखीजा, महेश सेन, मानव देशमुख एवं पवन तिवारी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। नेताओं ने बताया कि महा पंचायत में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब विशेष रूप से शामिल होंगे।



#### सक्रिय युवाओं को मिलेगा मंच

महा पंचायत में एसटी, एससी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही समाजसेवा और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े सक्रिय युवाओं को मंच प्रदान कर संगठन में सामाजिक प्रतिनिधित्व को और अधिक सशक्त किया जाएगा।

#### बेयरर फार्म का शुभारंभ

इस अवसर पर नेशनल ऑफिस बेयरर फॉर्म के डिजिटल पोस्ट का विधिवत शुभारंभ भी किया गया। नेताओं ने कहा कि इस पहल से युवा ऑनलाइन माध्यम से सीधे राष्ट्रीय स्तर पर संगठन से जुड़ सकेंगे। जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

#### 3 हजार युवा होंगे शामिल

युवा कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह आयोजन विशेष रूप से 40 वर्ष से कम आयु के युवाओं के लिए समर्पित रहेगा। इसमें कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके युवाओं के साथ-साथ कांग्रेस विचारधारा से जुड़े निर्दलीय युवाओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। आयोजन में प्रदेशभर से लगभग 3000 युवाओं की सहभागिता का अनुमान है।

### नागपुर मंडल का परिचय सम्मेलन 4 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज राजनांदगांव जिला के नागपुर मंडल में 4 फरवरी को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया। जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि सुबह 8 बजे रंगोली प्रतियोगिता, 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन देव पूजन के साथ शुरूआत, 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण, 11.30 अतिथि सत्कार संबोधन, दोपहर 12 से शाम 4 तक युवक-युवती परिचय, दोपहर 2 बजे स्वरुचि भोज, शाम 4 बजे मान्यवारों का मार्गदर्शन एवं शाम 5 बजे आभार प्रदर्शन एवं समापन कार्यक्रम श्रीभवानी माता मंदिर सेवा समिति सभागृह भवानी नगर भंडारा रोड पार्टी नागपुर में होगा।

## कान्हा इलेवन बनी पहली चैम्पियन

# यादव प्रीमियर लीग का रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यादव समाज द्वारा प्रथम बार आयोजित यादव प्रीमियर लीग 2026 का फाइनल कान्हा इलेवन ने जीत लिया है। 30 जनवरी को खेले गए फाइनल उसने सुदर्शन इलेवन को 7 विकेट से पराजित कर ख़िताब पर कब्जा जमाया।




समापन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे। इसके पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मैचों में कान्हा इलेवन ने मधुसूदन इलेवन को तथा सुदर्शन इलेवन ने गोपाल इलेवन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

फाइनल मैच के बाद समापन समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने विजेता टीम ऑन कान्हा इलेवन को 71000 रुपए नगद और ट्रॉफी देकर तथा उ प वि जे ता सुदर्शन इलेवन को 41000 रुपए नगद और ट्रॉफी प्रदान की। इसके अलावा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बेस्ट बॉलर और बेस्ट बैट्समैन के पुरस्कार भी दिए गए।

#### जीतू को मैन ऑफ द मैच

फाइनल में पहले खेलते सुदर्शन इलेवन की टीम कान्हा इलेवन की कसी हुई गेंदबाजी के चलते 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 47 रन ही बना सकी। केवल सुमेन्द्र यादव (17) और गोविंद यादव (12) ही कुछ संघर्ष कर सके, अन्य बल्लेबाज दहाई का अंकड़ा भी नहीं छू सके। कप्तान जीतू यादव ने 3 और नीरज यादव ने 2 विकेट हासिल किए। 48 रन की विजय लक्ष्य का पीछा करते कान्हा इलेवन ने नीरज यादव के नाबाद 24 रन तथा कप्तान जीतू यादव के 9 रन की सहायता से केवल 3 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और इस प्रकार कान्हा इलेवन पहले यादव प्रीमियर लीग की चैम्पियन बन गई। कप्तान जीतू यादव इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे।



## खबर संक्षेप

### जिले के 11 विद्यार्थियों ने दुर्ग विश्विद्यालय की मेरिट लिस्ट में जगह बनाई

**हरिभूमि कवर्धा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा सत्र 2024-25 स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की प्रावीण्य सूची की अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें सूची में आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा के 11 छात्र-छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। एम .कॉम मे साक्षी शर्मा 76 प्रतिशत अंक के चतुर्थ स्थान, एम. ए. अर्थशास्त्र में आरती साहू 76.05 प्रतिशत सातवां स्थान, एम. एससी गणित में माया मांडले 73.05 प्रतिशत आठवां स्थान, एम ए इतिहास में मिलेशिया 68.56 प्रतिशत आठवां स्थान रही। इसी प्रकार आई टी में क्रमशः रितिक जैसवाल 79.68 प्रतिशत तृतीय, अंकुर केशरी 76.79 प्रतिशत चतुर्थ, नसरीन फातिमा 75.82 प्रतिशत पांचवां, चंचल तिवारी 74.5 प्रतिशत छठवां, हरीश कुमार गुप्ता 71.53 प्रतिशत सातवां, सूर्यकांत घृतलहरे 70.85 प्रतिशत आठवां और पंकज कुमार 69.59 प्रतिशत नौवा स्थान प्राप्त किया। प्राविण्य सूची में स्थान हासिल करने पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा एवं संस्था के सभी प्राध्यापको ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




### कोलेगांव में 3 से 11 फरवरी तक श्री रूद्र महायज्ञ व श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम कोलेगांव में लगातार 15 वर्षो से श्री रूद्र महायज्ञ व श्रीशिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन अंतर्गत ग्रामवासियों द्वारा पंडरिया की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा को श्री रूद्र महायज्ञ एवं शिव कथा में शामिल होने हेतु आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया। ग्रामवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कोलेगांव में 3 से 11 फरवरी तक श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रहने की संभावना है। इस अवसर पर पवन शर्मा, जोतराम साहू, परमेश्वर साहू, भोलाराम साहू, भागवत साहू, सुखनंदन साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थें और सभी ने विधायक से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की गई।

### आरपीएस स्कूल के वाहन चालक को मिला सर्वश्रेष्ठ वाहन चालक सड़क-सुरक्षा योद्धा का सम्मान



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 अंतर्गत राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन गत दिनों 24 जनवरी शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में किया गया। इस अवसर पर छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, परिवहन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, परिवहन सचिव एस प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री छग शासन द्वारा प्रत्येक जिले से एक-एक चालक को सर्वश्रेष्ठ वाहन चालक सड़क सुरक्षा योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। जिन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन किया। इस परिपेक्ष्य में कबीरधाम जिले से गोविन्द सिंह धुर्वे को सर्वश्रेष्ठ वाहन चालक सड़क-सुरक्षा योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। जो कि पिछले 12 वर्षो से श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल सिंघनपुरी-कवर्धा में कार्यरत हैं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती एम शारदा एवं समस्त स्टॉफ ने गोविन्द सिंह धुर्वे की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए बधाई दी।

### सस्ता हुआ लाल टमाटर 5 से 10 रुपए किलो बिक्री हो रही, रसोई बजट को मिली राहत

**हरिभूमि बरबसपुर।** क्षेत्र में टमाटर की कीमतों में अचानक आई भारी गिरावट से आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। गांव-गांव और हाट-बाजारों में अब लाल टमाटर मात्र 5 से 10 रुपए प्रति किलो ग्राम की दर से बिक रहा है, जिससे रसोई घर का बजट एक बार फिर संतुलित होता नजर आ रहा है। कुछ सप्ताह पहले तक टमाटर के दाम आसमान छू रहे थे, महंगे भाव के चलते लोग एक-दो टमाटर खरीदने को मजबूर थे, जिससे घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ रहा था। लेकिन अब स्थानीय स्तर पर टमाटर की आवक बढ़ने से बाजार में दाम तेजी से गिर गए हैं। नतीजतन लोग अब थैले भरकर टमाटर खरीद रहे हैं और रसोई में फिर से रौनक लौट आई है। टमाटर को सब्जियों का राजा कहा जाता है। इसके बिना अधिकांश सब्जियां अधूरी मानी जाती हैं। छत्तीसगढ़ी भोजन में टमाटर की चटनी, खासकर बासी के साथ की अलग ही पहचान है। टमाटर सस्ता होने का असर दूसरी हरी सब्जियों पर भी पड़ा है। हरी मिर्च, धनिया और मेथी जैसी सब्जियां भी 5 रुपए में आसानी से मिल रही हैं, जिससे रसोई खर्च और कम हो गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जहां टमाटर सस्ता होने से उपभोक्ता खुश हैं, वहीं किसान इसकी कीमतों में आई भारी गिरावट से चिंतित हैं। टमाटर उत्पादक किसान लाल प्रसाद साहू ने बताया कि पहले वे एक कैरेट टमाटर 700 से 1200 रुपए तक बेचते थे, लेकिन अब वही कैरेट केवल 150 से 200 रुपए में बिक रहा है। अचानक आई इस गिरावट से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, सुव्यवस्थित और हर ग्रापं को सशक्त बनाने भाजपा सरकार प्रतिबद्ध

# ग्रामीण, आदिवासी व वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु हम प्रतिबद्ध हैं: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों में निवासरत परिवारों के बेहतर स्वास्थ्य व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं मितानिन माताओं-बहनों के योगदान हेतु ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के तत्वाधान में सामुदायिक भवन पंडरिया, वीर सावरकर भवन कवर्धा और मंगल भवन सहसपुर लोहारा में आयोजित विकासखंड स्तरीय स्वस्थ पंचायत एवं जन संवाद सम्मेलन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुई और जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सार्थक भूमिका निभाने वाली मितानिन माताओं-बहनों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण एवं आदिवासी वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए इसे जनसेवा का मूल आधार बनाया गया है। ग्रामीण अंचलों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब और आदिवासी परिवारों को बड़ी राहत मिली है। वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान जैसे कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, सुरक्षित प्रसव और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान बनी मितानिन दीदियां, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी बनी हुई हैं। इनके माध्यम से टीकाकरण, पोषण जागरूकता और प्राथमिक उपचार की सेवाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, मितानिन माताएं-बहनें एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।




### पंडरिया विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हम पूरी तरह संकल्पित

भावना बोहरा ने कहा कि स्वस्थ पंचायत एवं जन संवाद सम्मेलन कार्यक्रम इन अभियानों को और गति देने के साथ ही जनता से रूबरू होकर उनकी समस्यों को सुनकर उसका निराकरण करने और सुविधाओं व स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और पोषण अभियान जैसी योजनाओं को स्वास्थ्य से जोड़कर लागू किया जा रहा है। वनांचल क्षेत्रों की भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट, एम्बुलेंस सेवा और दूरस्थ बस्तियों में स्वास्थ्य शिविरों का विस्तार किया जा रहा है, ताकि इलाज की सुविधा हर व्यक्ति तक पहुंच सके। पंडरिया विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हम पूरी तरह संकल्पित है और आने वाले समय में ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत किया जाएगा।

## व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शिशु मंदिर पाण्डातराई बनी विजेता

■ पीएम श्री सेजेस पोंड़ी में अंतर शालेय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय पोंड़ी में एक दिवसीय अंतर शालेय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शाला विकास समिति एवं स्कूल प्राचार्य के तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के कुल 12 विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सेजेस पोंड़ी, शिशु मंदिर पाण्डातराई, हाई स्कूल मोहगांव, उच्चतर माध्यमिक शाला खरहट्टा, रानी दुर्गावती कवर्धा, चैतन्य स्कूल पोंड़ी, के व्ही कवर्धा, आरपीएस कवर्धा, शिशु मंदिर कवर्धा सहित अन्य टीमों ने अपना दमखम दिखाया। वहीं सेमीफाइनल मुकाबले सेजेस पोंड़ी, के व्ही कवर्धा, शिशु मंदिर पाण्डातराई एवं आरपीएस कवर्धा के बीच खेले गए। तत्पश्चात फाइनल मैच सेजेस पोंड़ी और शिशु मंदिर पाण्डातराई के मध्य रोमांचक रहा, जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शिशु मंदिर पाण्डातराई की टीम ने 02-01 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम की। वहीं इस प्रतियोगिता मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी व विशेष अतिथि जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि मनीराम साहू, सांसद निज सहायक गजराज सिंह द्वारा प्रथम स्थान शिशु मंदिर पाण्डातराई एवं द्वितीय स्थान सेजेस पोंड़ी टीम को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू ने की। इस अवसर पर प्राचार्य एस के गुप्ता, रूप सिंह धुर्वे, दिलीप श्रीवास्तव, शिव नारायण यादव, विजय साहू, रवि निषाद, शुभम केसरी, उप सरपंच मुकेश कुम्भकार, शुभम चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, एनके चंद्रवंशी, प्रमोद वर्मा, पीटीआई चंद्राकर, लक्ष्मण वर्मा, राकेश साहू, आशिफ खान, एसएन वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।



## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था का संगोष्ठी व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज





हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला द्वारा आज 1 फरवरी 2026 को स्थानीय जिला पंचायत सभागार एवं शहीद पार्क सिग्नल चौक कवर्धा में संगोष्ठी तथा एक दीपक शहीदों के नाम श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल रायपुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बाजपेई पूर्व विधायक बिलासपुर, आईएएस गणेश शंकर मिश्रा सहित राष्ट्रीय एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य, विभिन्न जिलों से पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। राष्ट्रपति पुरस्कृत इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव से मिली जानकारी के अनुसार जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन एवं स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े परिवारों के सदस्य भी सहभागिता करेंगे। संस्था के जिला अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु ने बताया कि संस्था का गठन 13 जनवरी को हुआ था। एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम विगत दिसंबर 2025 से माह के प्रथम रविवार को आयोजित किया जा रहा है, जिसकी प्रेरणा 30 नवंबर 2025 को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन से मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में देशभक्ति का संदेश प्रसारित करना तथा युवा पीढ़ी में जागरूकता लाना है। यह संगोष्ठी कार्यक्रम सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभागार में तथा श्रद्धांजलि कार्यक्रम दोपहर लगभग 1 बजे शहीद पार्क सिग्नल चौक कवर्धा में आयोजित किया जाएगा। जिस पर आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

### बिजली सिर्फ सुविधा नहीं, विकास की रीड है, हर घर तक सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण विद्युत हमारी प्राथमिकता



**हरिभूमि कुण्डा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव मनाया जा रहा है इसी कड़ी में शनिवार को विद्युत विभाग कुण्डा द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों कर्मचारी जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की सहभागिता रही आयोजन के माध्यम से विद्युत सुरक्षा ऊर्जा संरक्षण तथा बिल भुगतान की डिजिटल सुविधाओं को लेकर जागरूकता को प्रसारित किया गया, कार्यक्रम में विभाग के 25 वर्षो की उपलब्धियां पर विकास विस्तार से प्रकाश डाला गया ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विद्युत विस्तार सेवा प्रणाली में सुधार लाइन में कमी तकनीकी नियम तथा उपभोक्ताओं सुविधाओं में हुए बदलाव की जानकारी कुण्डा के जेई सत्यम मरावी के द्वारा बताया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र घृतलहरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में विद्युत विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कहा बिजली ने गांव की तस्वीर बदली अब बन चुकी है विकास की धड़कन गांव तक बिजली पहुंचाने से शिक्षा स्वास्थ्य सिंचाई और छोटे व्यवसाय को नई दिशा मिली है उन्होंने कहा कि विद्युत सुविधा आज ग्रामीण विकास की आधारशिला बन चुकी है और सोलर पैनल लगाने के लिए भी अपील किया विभाग की योजनाओं से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। वहीं सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि बिजली व्यवस्था में निरंतर सुधार से जनता का भरोसा बढ़ा है उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं को सुविधाओं को आसान बनाने और शिकायत निराकरण प्रणाली को मजबूत करने की सराहना किया, कार्यक्रम में विद्युत विभाग के बारे में भी बताया गया रजत महोत्सव केवल उत्सव नहीं बल्कि उपभोक्ताओं से संवाद का अवसर है। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, ध्वजाराम चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, निलेश गुप्ता, वागीश चंद्राकर, रमेश सारथी, राजू सेन, साहेब लाल सोनवानी, विनोद रजक, देवदत्त चंद्राकर, चेतन सोनी सहित ग्राम कुण्डा के पंच एवं ग्रामवासी क्षेत्रवासी एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड का रजत महोत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आज जिला मुख्यालय कबीरधाम में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की 25 वर्षो की सेवा, उपभोक्ता विश्वास एवं विद्युत क्षेत्र में उपलब्धियों को समर्पित रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना तथा उपभोक्ताओं को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए जागरूक करना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने पर केंद्र एवं राज्य शासन से अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी संभव है। साथ ही सौभाग्य योजना, कृषि पंप विद्युतीकरण योजना, डिजिटल बिलिंग एवं ऑनलाइन भुगतान सुविधा तथा स्मार्ट मीटरिंग जैसी योजनाओं एवं पहलों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में यह बताया गया कि सीएसपीडीसीएल द्वारा जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक निर्बाध, सुलभ एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे जनजीवन, कृषि, व्यापार एवं उद्योग को निरंतर गति मिल रही है। रजत महोत्सव के अवसर पर समय पर विद्युत बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं का सम्मान भी किया गया, जिससे अन्य उपभोक्ताओं को भी जिम्मेदार एवं अनुशासित उपभोक्ता बनने की प्रेरणा मिले। अपने उद्बोधन में अधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की जनहितैषी नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लें, समय पर विद्युत बिल का भुगतान करें तथा ऊर्जा संरक्षण में अपना सक्रिय योगदान दें।

### डोमसरा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम डोमसरा विद्यालय परिषर में शनिवार को दोपहर 11 बजे शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूल मैदान में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में डोमसरा के छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि खंड स्त्रोत समन्वयक राममुरारी यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों में नया उत्साह जागृत होता है। पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थियों को संस्कृति व संस्कार भी मिलता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गीत व छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक दिख रही है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ये गतिविधियां आवश्यक है। बच्चों में पढ़ाई के अलावा खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधि सहित अनेक क्षेत्रों में अपार प्रतिभा छिपी हुई है। जिसे शिक्षक तराशकर समाज के सामने लाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रमों में डोमसरा प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय द्वारा बाल विवाह, शिक्षा, स्वच्छता व रानी लक्ष्मी बाई के वीरता का प्रदर्शन पर नाटक प्रस्तुत किया गया, इसके अलावा बच्चों द्वारा विभिन्न लोक गीत व सुवा नृत्य, देश भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया तथा गांव के प्रतिभावान छात्र जिनका चयन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में चयन हुआ है, उन्हे भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच गायत्री सोयम, मल्लू निर्मलकर, संतोष सोयाम, मुकेश जायसवाल, इंद्रजीत सिंह, रमेश जायसवाल, रोहित जायसवाल, धर्मेंद्र, रोहित बांधकर, दुर्जन चन्द्राकर, ब्रजेश बांधकर, ईश्वर तिवारी, कुमूदिनी तिवारी, मोहन राजपूत, सुरेश चंद्रवंशी, विश्वलता मानिकपुरी, शिक्षक प्रवीण तिवारी, आभा बघेल, यशवंत पाठक, निशा सिंगरौल सहित समस्त पंचगण, ग्रामीण, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ब्लॉक कांग्रेस शहर व ग्रामीण के सैकड़ों कांग्रेसी का हल्ला-बोल

# जिला मुख्यालय में मनरेगा व धान खरीदी अवधि बढ़ाने की मांग, कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में जोराताल चौक पर मनरेगा बचाओ महासंग्राम अभियान के तहत धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। यह प्रदर्शन मनरेगा को पूर्ण रूप से चालू करने तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समयावधि बढ़ाने की मांग को लेकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नंदकुमार पाटिल, विक्की लहरें, भुवनेश्वर पटेल, प्रदीप चंद्राकर, हीरा रॉय, वाल्मीकि वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, संतोष यादव, आकाश केशरवानी, नारायणी टोंडर, सीमा अनंत, गोपाल चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष होरी राम साहू, शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर एवं ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि किसानों, मजदूरों और आम जनता के हक-अधिकार की लड़ाई है। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के लिए रोजगार की गारंटी है, लेकिन वर्तमान में कई क्षेत्रों में कार्य बंद हैं, मजदूरों को समय पर रोजगार और मजदूरी का भुगतान नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मनरेगा को पूरी क्षमता के साथ चालू किया जाए, सभी जरूरतमंद परिवारों को 100 दिन का रोजगार मिले तथा लंबित मजदूरी का शीघ्र भुगतान किया जाए। साथ ही धान खरीदी की समयावधि समाप्त होने से किसान परेशान हैं। तकनीकी कारणों से पंजीयन न होने वाले किसानों के लिए विशेष शिविर लगाकर समर्थन मूल्य पर एक-एक दाना धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**कार्रवाई : जांच उपरांत खरीदी प्रभारी विवेक चंद्राकर पर एफआईआर, आरोपी फरार**

# पेंड्रीकला उपार्जन केंद्र में 73.49 लाख की गड़बड़ी, एक और मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कोलेगांव

जिले के बाजार चारभाटा धान संग्रहण केन्द्र और कुकदुर धान खरीदी केन्द्रों में करोड़ों के धान घोटाला और भ्रष्टाचार के बाद अब जिले के ही विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत पेंड्रीकला धान उपार्जन केन्द्र में बड़ी अनियमितता सामने आई है। इस मामले में खरीदी प्रभारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक भौतिक सत्यापन में केन्द्र के स्टॉक से 2272 क्विंटल धान की कमी पाई गई है, जिसकी शासकीय कीमत 73 लाख 49 हजार 920 रुपए आंकी गई है। मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की शाखा-कुण्डा के शाखा प्रबंधक राजेंद्र कुमार डाहिरे ने थाना कुण्डा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर खरीदी प्रभारी विवेक चंद्राकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी फिलहाल फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार धान खरीदी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत कलेक्टर (खाद्य शाखा) कबीरधाम के आदेश पर गठित संयुक्त जांच दल ने 12 जनवरी 2026 को सेवा सहकारी समिति मर्या पेंड्रीकला अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र का भौतिक सत्यापन किया। जांच में पाया गया कि केन्द्र में कुल 23 हजार 319.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी, जिसमें से 3 हजार 880 क्विंटल धान का उठाव हो चुका था। इस हिसाब से केन्द्र में 19 हजार 439.20 क्विंटल धान शेष होना चाहिए था, लेकिन मौके पर केवल 17 हजार 167.20 क्विंटल धान ही मिला। इस तरह 2272 क्विंटल धान की कमी सामने आई। इसके अलावा फड़ में 568 बोरा धान की अतिरिक्त कमी भी दर्ज की गई। जांच रिपोर्ट के अनुसार कमी वाले धान की कीमत 70 लाख 43 हजार 200 रुपए तथा फड़ में कमी की कीमत 3 लाख 6 हजार 720 रुपए आंकी गई है। इस प्रकार शासन को कुल 73 लाख 49 हजार 920 रुपए का नुकसान हुआ है।

### कुण्डा थाना में दर्ज कराई गई एफआईआर



रिपोर्ट में उल्लेख है कि 19 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक खरीदी कार्य पर्यवेक्षक के पास था, जिसके बाद 29 नवंबर को पूरा स्टॉक विवेक चंद्राकर को सौंपा गया। 28 नवंबर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक खरीदी और परिवहन की जिम्मेदारी विवेक चंद्राकर के पास रही और इसी अवधि में धान की कमी पाई गई, जिससे पूरी जवाबदेही उन्हीं पर तय की गई है। शिकायत में इसे धान उपार्जन नीति का उल्लंघन बताते हुए अमानत में खयानत और कूटरचना के जरिए शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 316(3), 316(5), 318(4), 336(3), 338 और 340 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। जिले में धान खरीदी के दौरान लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों ने व्यवस्था की निगरानी और पारदर्शिता पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।




## महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष गंगोत्री योगी का हमलावर आरोपी भाई गिरफ्तार

- घटना को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी काट रहा था फरारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया थाना पुलिस ने महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष गंगोत्री योगी पर हमला करने वाले आरोपी नेम नाथ योगी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गंगोत्री योगी और नेम नाथ योगी रिश्ते में भाई बहन हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष गंगोत्री योगी ग्राम मोहगांव स्थित अपने भाई नेम नाथ योगी के घर गई हुई थी। इस दौरान नेम नाथ योगी अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। घर में मौजूद गंगोत्री योगी ने जब बीच-बचाव करते हुए भाभी को वहां से सुरक्षित बाहर भेज दिया, तो इससे नाराज होकर आरोपी भाई ने पास में रखे हंसिया से गंगोत्री योगी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में गंगोत्री योगी के सिर, हाथ, पैर और पीठ में गंभीर चोटें आईं थी।

जिसके बाद परिजनों द्वारा तत्काल उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस को 31 जनवरी को सफलता मिली और उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की सूचना मिलते ही पिपरिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। लगातार पतासाजी के दौरान शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी नेम नाथ योगी को गिरफ्तार कर लिया है।

### खबर संक्षेप



#### डोंगरिया में भव्य मेला का आयोजन आज

**पाण्डातराई।** अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक, पर्यटन एवं आस्था केन्द्र जलेश्वर महादेव घाट डोंगरिया में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माघ पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन 1 फरवरी को किया जा रहा है। इस संबंध में मेला आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरिया जलेश्वर महादेव घाट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माघ पूर्णिमा के अवसर पर मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां की जा रही है। उल्लेखनीय है कि डोंगरिया मेला अंचल का प्रसिद्ध मेला है। जिसमें समूचे जिले के साथ पड़ोसी जिलों के लोग भी पहुंचते हैं और यहां स्थित जलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर मेला का आनंद लेते हैं। इस मेला का इंतजार क्षेत्रवासियों को पूरे सालभर रहता है।

#### अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण घायल

**चिल्फीघाटी।** रेंगाखार मुख्य सड़क पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ग्रामीण घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घायल चैतराम मेरावी आयु 47 वर्ष ग्राम साल्हेवारा उपरटोला का रहने वाला है। हादसा तब हुआ, जब वह पीड़ाघाट की ओर पैदल जा रहा था और पीछे से आ रहे काले रंग के अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

## विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करें: शर्मा

### स्वामी आत्मानंद कचहरी पारा स्कूल का लोकार्पण



- 1 करोड़ 94 लाख रूपए की लागत से निर्मित स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका द्वारा 1 करोड़ 94 लाख रूपए की लागत से निर्मित नवनिर्मित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल का लोकार्पण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व उपस्थित अतिथियों ने किया।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रदेश की वास्तविक प्रगति का पैमाना उसकी शिक्षा व्यवस्था होती है। समाज में शिक्षा सशक्त होती है, जिससे समाज आत्मनिर्भर, संस्कारित और विकसित बनता है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं रख रही है बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, आधुनिक अधोसंरचना और समावेशी शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रही है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजना इसी सोच का परिणाम है, जिसके माध्यम से गरीब, मध्यम वर्ग एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होने विद्यार्थियों से कहा कि वे लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करें, माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करें तथा अपने ज्ञान और कौशल के माध्यम से कबीरधाम जिला, छत्तीसगढ़ प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यालय परिवार और नगर पालिका परिषद को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

#### कवर्धा शहर गौरवान्वित: चन्द्रप्रकाश

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवशी ने कहा कि यह अंग्रेजी विद्यालय हमारे कवर्धा शहर को गौरवान्वित करने वाला विद्यालय बनेगा। स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक सभी बच्चे पढेगें। उन्होनें कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय उच्च शिक्षा प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभायेगी। स्कूलों की सभी गतिविधियों में यह स्कूल महत्तवपूर्ण साबित होने वाला है। उन्होनें उपथित सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को नये स्कूल के बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया। नवनिर्मित विद्यालय भवन में बच्चों के लिए बेहतर कक्षाएं, स्वच्छ परिसर, सुरक्षित वातावरण और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनकी प्रतिभा को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास भी अत्यंत आवश्यक है, और विद्यालय इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति विरेन्द्र साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, भाजयुमो अध्यक्ष उमंग पांडे, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, पार्षद बिहारी राम धुर्वे, अजय सिंह ठाकुर, सौखी आहिरवार, श्रीमती सुष्मा उपाध्याय, शंभू देवांगन,दीपक सिन्हा, संजीव कुर्रे, मनीराम साहू, हरीश कुंभकार, सोनू उपाध्याय, सुरेन्द्र गुप्ता, अनिता धुर्वे, अतुल देव वर्मा, दीनानाथ शर्मा, सनत तिवारी, विष्णु पाण्डेय, हरि विश्वकर्मा भगवती प्रसाद उपाध्याय, सहित अधिक संख्या में जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कवर्धा के घुघरी रोड से देह व्यापार में संलिप्त एक दलाल सहित तीन युवतियां हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे हुए घुघरी रोड स्थित अटल आवास क्षेत्र में देह व्यापार से संबंधित गतिविधियों की सूचना पर साइबर थाना एवं थाना कवर्धा (कोतवाली) की संयुक्त टीम द्वारा रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त के दौरान कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम ने यहां छापामार कार्यवाही कर देह व्यापार में लिप्त एक दलाल सहित 03 युवतियों को हिरासत में लिया गया है। जो संदिग्ध रूप से देह व्यापार की गतिविधियों में संलिप्त पाए गए।

इन गतिविधियों से क्षेत्र की सामाजिक शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति निर्मित हो रही थी। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार हिरासत में लिए गए दलाल का नाम गोलू लहरे पिता कलम लहरे आयु 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 17 मिनीमाता चौक कवर्धा बताया गया है। इसके अलावा 3 युवतियों को भी हिरासत में लिया गया है।

इन सभी के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई के जा रही है। कबीरधाम पुलिस यह स्पष्ट संदेश देती है कि जिले में देह व्यापार, अनैतिक गतिविधियों एवं सार्वजनिक शांति भंग करने वाले किसी भी कृत्य को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

समाज में भयमुक्त वातावरण एवं कानून का सम्मान बनाए रखने के लिए ऐसी सख्त कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

## शिक्षा विभाग में 218 करोड़ की वित्तीय अनियमितता उजागर, दो कर्मचारी निलंबित

- मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के शिक्षा विभाग में सामने आई कथित 218 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए कर्मचारियों में तत्कालीन कार्यालय में पदस्थ वर्ग 2 कर्मचारी माया कसार और योगेंद्र कश्यप शामिल हैं। निलंबन अवधि के दौरान दोनों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

मामला बीते तीन वर्षों में कोषालय से निकाली गई लगभग 218 करोड़ रुपये की राशि के लेन-देन से जुड़ा है। ऑडिट रिपोर्ट में वर्ष 2022 से 2025 के बीच कैश बुक, वाउचर और बिल रजिस्टर के गायब पाए जाने का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) संजय जायसवाल पर बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे हैं।हालांकि, पूर्व बीईओ संजय जायसवाल ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उनके कार्यकाल के दौरान शिक्षकों का वेतन नियमित रूप से भुगतान किया गया और सभी वित्तीय दस्तावेज कैश बुक, बिल और वाउचर 11 दिसंबर 2025 को वर्तमान बीईओ को विधिवत सौंप दिए गए थे, जिसकी रसीद उनके पास उपलब्ध है।

संजय जायसवाल ने बताया कि उनका कार्यकाल अक्टूबर 2022 से सितंबर 2025 तक रहा। इस दौरान कक्ष प्रभारी योगेंद्र कश्यप को मौखिक और लिखित रूप से कई बार आवश्यक निर्देश दिए गए, लेकिन दस्तावेजों के समुचित संधारण में लापरवाही बरती गई। इसी कारण कई वित्तीय अभिलेख अधूरे रह गए। कक्ष प्रभारी को नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन उस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) एफआर वर्मा ने बताया कि ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्रारंभिक जांच में कुछ गंभीर कमियां सामने आई हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## धर्मनगरी कवर्धा में निकलेगी महाकाल की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



धर्म, आस्था और संस्कृति की त्रिवेणी कही जाने वाली धर्मनगरी कवर्धा एक बार फिर शिवभक्ति के रंग में रंगने जा रही है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आगामी 15 फरवरी, रविवार को भगवान श्री महाकाल की भव्य बारात एवं भगवान शिव-माता गौरी के दिव्य विवाह का विराट आयोजन पूरे श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर नगर में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। इस भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियों में आयोजन समिति बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल, धर्मनगरी कवर्धा पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटी हुई है। विगत पांच वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह आयोजन हर वर्ष अपनी भव्यता, नवीनता और आध्यात्मिक संदेश के कारण एक विशेष पहचान बना चुका है। बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल के विकाश केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2:30 बजे बूढ़ामहादेव मंदिर में महाभिषेक से होगी। इसके पश्चात भगवान श्री महाकाल की अलौकिक बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भव्य शोभायात्रा के रूप में निकाली जाएगी। शोभायात्रा में पारंपरिक नृत्य, आकर्षक झांकियां एवं धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं का मन मोह लेंगी। बारात नगर भ्रमण करते हुए माँ महामाया मंदिर स्थित भारत माता प्रतिमा परिसर पहुंचेगी, जहां भगवान शिव एवं माता गौरी का दिव्य विवाह विधि-विधान से संपन्न होगा। विवाह उपरांत भगवान श्री महाकाल की भव्य भस्म आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु साक्षी बनेंगे।

**श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को मिलेगी मेला स्थल पर सुविधा**

## डोंगरिया में विधायक के प्रयास से हाई मास्क लाईट लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई



पाण्डातराई। पंडरिया क्षेत्र की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से जलेश्वर महादेव डोंगरिया में मेला क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए हाई मास्क लाइट की स्थापना की गई। इस जनहितकारी कार्य का लोकार्पण गरिमामय समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल रहा। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, पार्षद रामू पाण्डेय एवं अजय गोस्वामी, डोंगरिया सरपंच बैजनाथ चन्द्रवंशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि तुषार चन्द्रवंशी, भाजपा कार्यकर्ता सुखचैन चन्द्रवंशी, विद्यानन्द चन्द्रवंशी सहित अनेक सम्माननीय नागरिक उपस्थित थे। हाई मास्क लाइट लगने से मेला परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में रात्रिकालीन रोशनी की बेहतर व्यवस्था होगी, जिससे श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी एवं सहित समस्त क्षेत्रवासियों ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## मना रजत जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 31 जनवरी को विद्युत वितरण केंद्र पैलीमेटा में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। गौरवशाली अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं और ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने राज्य की प्रगति और विद्युत विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं पर चर्चा की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम में स्थानीय शासन के विभिन्न प्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिकों को उनके योगदान के लिए मंच साझा करते देखा गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने विभाग के कार्यों की सराहना की और उपभोक्ताओं से शासन की बिजली बचत योजनाओं से जुड़ने की अपील की। पूरे कार्यक्रम के दौरान कांशी राम पोर्ते, प्रेमलाल साहू, राधा मोहन दास वैष्णव, कुमार पाल, जंगल दास, नरेश ध्रुवे, युवराज पटेल, दुर्गेश पाल, किशन जंघेल, डेहरा लाल मसको, दुखू राम विश्वकर्मा, केशा राम पोर्ते, चैतुराम ध्रुवे, दिलीप नागवंशी, रामप्रसाद मेराव, बिजली कम्पनी जेई हरिप्रसाद जंघेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और पैलीमेटा विद्युत वितरण केंद्र के स्टाफ मौजूद रहे।

